**बरसात में नहीं हो रहा कचरे का उठाव गंदगी और बदबू से परेशान रहवासी**



**प्रवेश प्रारंभ**

B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष महाविद्यालय

बेलभाठा, अभनपुर

प्राचार्य - 99261-62830

## खबर संक्षेप

### तपकरा, कोनपारा व कांसाबेल में पौधरोपण



**जशपुरनगर।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर पौधरोपण का आयोजन जिले के सहायक आयुक्त सहकारिता, के दिशा निर्देश पर किया गया। 3 जुलाई को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति तपकरा, कोनपारा, चोंगरीबहार एवं कांसाबेल में पौधरोपण कार्यक्रम मनाया गया। साथ ही समिति में साफ-सफाई कार्यक्रम उपरांत समिति बोर्ड की बैठक में आदर्श उपविधि का वाचन भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक तथा उक्त सहकारी समितियों के अधिकारी ,कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के प्रकरण में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत एक प्रकरणों हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें बागबहार तहसील अंतर्गत ग्राम गोलियागढ़ निवासी स्व.पुनिता पैंकरा का सांप के काटने से 23 मई 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम मृतिका के पति देवनारायण पैंकरा हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## आदर्श शाप्रावि बंदरचुआं में शाला प्रवेश उत्सव

# कठिन श्रम और त्याग से मिलती है सफलताः कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नवप्रवेशी बच्चों को दिया गया पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश

आदर्श शासकीय प्राथमिक विद्यालय बंदरचुआं कुनकुरी में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती कौशल्या साय एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर श्रीमती कौशल्या साय ने कहा कि छात्र जीवन कठिन श्रम और त्याग का होता है आपका आज का परिश्रम कल एक सुंदर भविष्य का निर्माण करेगा।



मां सरस्वती की छाया चित्र पर आरती कर शाला प्रवेशोत्सव का शुभारंभ करती कौशल्या।

आप लोग समर्पित मन से पढ़ाई के साथ अच्छे आदर्शों पर चलकर सफलता प्राप्त करें। आपकी सफलता आपके माता-पिता का नाम रोशन करने के साथ विद्यालय का नाम भी रोशन होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शिक्षा की गुणवता बढ़ाने के लिए इस विद्यालय को आदर्श विद्यालय घोषित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती साय के द्वारा नवप्रवेशी कक्षा 9 वीं के 66 बच्चों एवं कक्षा 6 वीं के 14 बच्चों को पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। साथ ही सरस्वती सायकल योजना के तहत 9 वीं के 23 बालिकाओं का सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती सुशीला साय ने की।

इस अवसर पर सरपंच विकास साय, समस्त पंचगण, विद्यालय के प्राचार्य तोवियस एक्का, शाला विकास समिति के नारायण गुप्ता, तरूण साहू, व्याख्याता अजीत कुजूर, एसएन साय, प्रदीप तिग्गा, रविन्द्र शर्मा, भारती साहू सहित अन्य स्टॉफ मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्यता आयोध किशोर गुप्ता ने किया।

# स्व-सहायता समूह की महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ः साय

- कांसाबेल में बिहान अंतर्गत मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला का आयोजन

**जशपुरनगर।** विकासखंड कांसाबेल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत मुद्रा एवं बैंक क्रेडिट मेला का कौशल्या साय के मुख्य आतिथ्य में आ यो ज न किया गया। कार्यक्रम के तहत बैंक द्वारा 79 समूहों को एक करोड़ 50 लाख का रुपए की बैंक लिंकेज अंतर्गत ऋण राशि की स्वीकृति प्रदाय किया गया एवं व्यक्तिगत रूप से 53 महिलाओं को 39 लाख का मुद्रा लोन की स्वीकृति दी गई। इस आयोजन में बिहान के 450 महिला उपस्थित रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती साय ने बिहान की महिलाओं को बचत और आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्व-सहायता समूहों की महिलाएं आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुकी हैं और सरकार की योजनाएं उन्हें नई उड़ान देने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं शासकीय योजनाओं की मदद से न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति सुधार सकती हैं, बल्कि समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में बैंक मैनेजरों के द्वारा समूहों को वित्तीय साक्षरता के बारे में विस्तार से बताया गया।



महिलाओं को लोन का चेक प्रदान करती कौशल्या साय।

# गजरथ यात्राः हाथियों से सुरक्षित रहने दी जा रही जानकारी



हाथियों से सुरक्षित रहने की जानकारी देते वन विभाग का अमला।

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा गजरथ यात्रा का शुभारंभ 21 जून 2025 को हरी झंडी दिखाकर किया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में हाथियों के प्रति संवेदनशील होना और हाथी के व्यवहार की सही जानकारी देना है ताकि सहअस्तित्व की दिशा में ग्रामीण आगे बढ़ सके। वर्तमान में गजरथ द्वारा तपकरा परिक्षेत्र के तपकरा, सिंगीबहार, जबला आदि 14 ग्रामों में भ्रमण किया गया है। इसी तारतम्य में 3 जुलाई को गजरथ यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत वनमंडलाधिकारी द्वारा वन परिक्षेत्र तपकरा अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल मेंढरबहार में स्कूली बच्चों को हाथी मानव द्वंद प्रबंधन एवं हाथियों के साथ सहजीविता के संबंध में अपने अनुभव को साझा किया गया। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत जशपुर वन मंडल के परिक्षेत्र तपकरा अंतर्गत किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत वनमंडलाधिकारी शशि कुमार द्वारा हितग्राही डेविड तिर्की, ग्राम मेंढरबहार के निजी भूमि मे सागौन पौधे का रोपण किया गया।

# जमीन विवाद में गुंडागर्दी,आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** खेत की ज़मीन के विवाद में गुंडागर्दी करते आदतन बदमाश ने बुजुर्ग की उंगली काट दी। पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी की गुंडा लिस्ट खोलने की तैयारी चल रही है।

जिले के चौकी कोल्हेनझरिया क्षेत्र के ग्राम जोरंडाझरिया में एक ज़मीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जब खेत में हल जोतने के दौरान एक युवक और उसके पिता पर गांव के ही आदतन अपराधी ने हमला कर दिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि विवाद के दौरान आरोपी ने प्रार्थी के पिता की हाथ की उंगली दांत से काट कर अलग कर दिया। मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, वहीं उसके खिलाफ गुंडा लिस्ट खोलने की भी तैयारी की जा रही है।



**खेत में हल जोत रहा था युवक**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम जोरंडाझरिया निवासी नरेंद्र यादव (28 वर्ष) 29 जून को अपने खेत में हल जोत रहा था। इसी दौरान गांव का ही सुनील यादव 46 वर्ष वहां पहुंचा और खेत के बीच में पत्थर रखकर कहने लगा कि यह उसकी ज़मीन है। जब नरेंद्र ने हल जोतना जारी रखा, तो आरोपी ने विवाद खड़ा कर दिया।

**पुलिस ने दर्ज किया अपराध, आरोपी गिरफ्तारः** घटना की सूचना पर चौकी कोल्हेनझरिया में तत्काल रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(2), 115(2), 117(3) के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई।विवेचना के दौरान आरोपी को हिरासत में लिया गया और पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया। वहीं, आहत रवि यादव को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

**गुंडागर्दी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाईः** मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि गुंडागर्दी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी आदतन बदमाश है, उसके विरुद्ध गुंडा लिस्ट खोली जा रही है। पुलिस की प्राथमिकता समाज में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

# कुएं में डूबने से हुई थी मौत, तीन साल बाद मिला मुआवजा

**जशपुरनगर।** तीन साल पहले एक हादसे में कुएं में डूबने से जान गंवाने वाले एक व्यक्ति के परिजनों को आखिरकार न्याय मिल गया। मृतक के परिजन क्रांति नायक निवासी ऊपर कछार तहसील फरसाबहार ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया में अपनी पीड़ा और समस्या को रखी थी। मुख्यमंत्री तक यह बात पहुंचते ही मामले पर त्वरित संज्ञान लिया गया,जिसके बाद तीन वर्षों से लंबित मुआवजा राशि 4 लाख रुपए जारी की गई। परिवार के अनुसार, हादसे के बाद से वे लगातार मुआवजा राशि की मांग कर रहे थे, लेकिन कई प्रयासों के बावजूद उन्हें कोई संतोषजनक समाधान नहीं मिल पा रहा था। अंततः जब मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जनता से सीधे संवाद और समस्याओं के समाधान हेतु बगिया को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के रूप में सक्रिय किया, तब क्रांति नायक ने वहां अपनी समस्या प्रस्तुत की। मुख्यमंत्री कार्यालय की पहल पर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए, और प्रशासन की तत्परता से मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। मुआवजा मिलने के बाद पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि, "बगिया कैंप कार्यालय हमारे जैसे आम लोगों के लिए एक संजीवनी साबित हो रहा है।



अपने बच्चे के साथ पीड़ित महिला।



## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों के यूनिफॉर्म बिल के लिए कोल इंडिया ने लागू की डिजिटल प्रक्रिया

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया लिमिटेड ने अपने कर्मचारियों के लिए यूनिफॉर्म बिल जमा करने की परंपरागत और जटिल प्रक्रिया को अब आसान बना दिया है।कंपनी ने 30 जून को एक नया स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर एसओपी जारी किया है, जिसके तहत अब पूरे सिस्टम को डिजिटल और पेपरलेस बना दिया गया है।यह बदलाव न सिर्फ कर्मचारियों के लिए राहत देने वाला है,बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और गति को भी नई ऊंचाई देगा। ज्ञात हो कि पहले कोल कर्मचारियों को यूनिफॉर्म खरीदने के बाद अपने बिलों को भौतिक रूप में तैयार कर विभागीय कार्यालयों में जमा करना होता था। इसमें फॉरवर्डिंग लेटर, टैक्स इनवॉयस, और अन्य दस्तावेजों की कई प्रतियां लगानी पड़ती थीं, इसके लिए बार-बार फॉलोअप करना पड़ता था और छोटी-छोटी गलतियों पर भुगतान अटक जाता था, कोल इंडिया मुख्यालय द्वारा जारी नए एसओपी के अनुसार अब यूनिफॉर्म बिल से संबंधित पूरा सिस्टम ऑनलाइन बीटीएस एसएपी पोर्टल के जरिए संचालित होगा।कोल इंडिया मुख्यालय के वित्त विभाग के प्रमुख ने 30 जून को इस एसओपी को जारी करते हुए सभी कोल कर्मचारियों से आह्वान किया है कि वे डिजिटल प्रक्रिया को अपना निर्धारित प्रारूप में समय से दस्तावेज जमा करें ताकि किसी भी प्रकार की देरी या अस्वीकृति से बचा जा सके।

### सेवानिवृत्ति पश्चात महिला सुपरवाइजर को दी गई विदाई



**सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीतापुर अंतर्गत सेक्टर भुसु में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग की महिला सुपरवाइजर श्रीमती राझो टोप्पो को सेवानिवृत पश्चात विदाई दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभाकक्ष में आयोजित विदाई समारोह में बीएमओ डॉ. शिवनारायण पैंकरा ने शाल श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर बीएमओ ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति से पहले राझो टोप्पो ने अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है। इनके द्वारा जिस लगन एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन दिया गया है वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान सेवानिवृत होने वाली महिला सुपरवाइजर को लेखापाल देवीदयाल सिंह चौधरी के प्रयासों से सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन अदायगी आदेश एवं सम्मान पत्र बीएमओ के द्वारा प्रदान किया गया। विदाई कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुलाब राय कुर्रे, डॉ. मार्टिन निकुंज, डॉ. संयोगिता पैंकरा, डॉ. नीरज कुशवाहा, बीपीएम दिलीप कुमार चंद्रा, सुरेश कुमार यादव, चेतन कुमार राठिया, देवदत्तराम, बलभद्र सिंह ठाकुर, भीमाराम, मनहर साय धनकी, हरि प्रसाद यादव, विजय कुमार पैंकरा, सुनील कुमार बड़ा, दिनेश कुमार प्रधान, श्रीमती सविता कुर्रे, श्रीमती श्यामा रानी खलखो, श्रीमती दमयंती साहू, श्रीमती दुर्गा कुजूर, श्रीमती रश्मि विश्वकर्मा, आकाश कुमार कुजूर, सुशील कुमार कुजूर, मुकेश कुमार किंडो, विनोद कुमार टोप्पो, राजनाथ समेत काफी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से गई युवक की जान

**बतौली/सेदम।** मवेशियों के लिए घायल लेने गए युवक की आकाशीय बिजली गिरने तथा चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मंगारी अंतर्गत ग्राम कोलतापारा निवासी दीपक प्रधान आ. परशु प्रधान (18 वर्ष) आज दोपहर मवेशियों के चारा के लिए घास लेने खेत की ओर गया था। युवक घास काटने लगा तभी अचानक तेज गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। युवक बारिश से बचने के लिए पास ही बरगद पेड़ के नीचे खड़ा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से युवक चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को स्थानीय अस्पताल लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### डामरीकरण के बाद उखड़ रहा डामर

# हवाई पट्टी के डामरीकरण एवं बाउंड्री वॉल निर्माण में लापरवाही बरतने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

**खास बात**

- करोड़ों की लागत से ग्राम आरागाही तामेश्वरनगर में हवाई पट्टी को हो रहा मरम्मत

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले को हवाई सुविधा से जोड़ने ग्राम आरागाही तामेश्वरनगर में हवाई पट्टी सहित बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि हवाई पट्टी व बाउंड्रीवाल निर्माण गुणवत्ता को दरकिनार कर किया जा रहा है। आलम यह है कि डामरीकरण के कुछ दिन बाद ही डामर उखड़ना शुरू हो गया। इसके बाद पुनः डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया लेकिन लेवल का ध्यान नहीं देने से ठेकेदार ऊंचा नीचा ही डामरीकरण कर दिया। ऐसे में विमान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से ग्राम अरागाही तामेश्वरनगर स्थित हवाई पट्टी का मरम्मत करते हुए डामरीकरण एवं बाउंड्री वॉल का कार्य कराया जा रहा है। डामरीकरण के कार्य में लापरवाही बरतते हुए ठेकेदार द्वारा डामरीकरण के समय लेवल का ध्यान नहीं रखा गया और ऊंचा नीचा डामरीकरण कर दिया गया है जो दुर्घटना को आमंत्रित करेगा। वीआईपी मूवमेंट के हिसाब से संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण कार्य में विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। गौरतलब है कि करीब डेढ़ दशक पहले छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बलरामपुर रामानुजगंज जिले को हवाई सुविधा से जोड़ने के लिए हवाई पट्टी का निर्माण करीब 12 करोड रुपए लागत से ग्राम तामेश्वरनगर में कराया था। हवाई पट्टी में हुए कार्य के गुणवत्ता को लेकर कई बार जनप्रतिनिधि एवं लोक निर्माण विभाग के उच्च अधिकारियों ने नाराजगी जताई थी। जिसके बाद भी कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं हुआ था। जिस कारण डामरीकरण होने के कुछ दिन बाद ही डामर उखाड़ना शुरू हो गया। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा दोबारा करीब 3 करोड़ रुपए लागत से डामरीकरण एवं बाउंड्री वॉल का कार्य कराया जा रहा है। हवाई पट्टी के लिए जिस प्रकार से गुणवत्ता एवं डामरीकरण में लेवल का ध्यान रखकर डामरीकरण करना चाहिए था उसे नजर अंदाज करते हुए डामरीकरण गुणवत्ता विहीन और ऊंचा नीचा कर दिया गया है जो विमान के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।



हवाई पट्टी का उमड़-खाबड़ डामरीकरण।

**पहले भी यहां बह चुकी है पुलिया**

मुख्य मार्ग से ग्राम आरागाही तामेश्वरनगर स्थित हवाई पट्टी को जोड़ने वाले पुलिया का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। हैरानी की बात तो यह है कि लोगों के आवागमन के लिए पुलिया का निर्माण कराया गया लेकिन निर्माण गुणवत्ताहीन होने से पुलिया बनने के पहले ही साल में बह गया था। जिसके बाद दोबारा यहां नए पुल का निर्माण कराया गया है।

**मरम्मत कराया जाएगा**

हवाई पट्टी का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। डामरीकरण में जहां-जहां ऊंचा और नीचा डामरीकरण हुआ है उसे ठीक कर दिया जाएगा।

-अजय कुर्रे
एसडीओ लोक निर्माण विभाग



## ग्राम झूमरपारा की मुख्य सड़क कोयला परिवहन से हुई बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- परेशान ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मरम्मत कराने की मांग की

क्षेत्र के ग्राम झूमरपारा की मुख्य सड़क बारिश में कोयला परिवहन की वजह से काफी दयनीय हो गई है। सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर सुरजपुर को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है।

कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम झूमरपारा की लगभग तीन किलोमीटर लंबा यह मार्ग जो मंदिर चौक से करंजी रेलवे साइडिंग तक जाता है, वर्षों से बदहाल है और अब इतनी खराब हालत में पहुंच चुका है कि बारिश में पैदल चलना भी ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है।ग्रामीणों का कहना है कि वे पिछले नौ वर्षों में आठ बार इस सड़क की मरम्मत के लिए जिला प्रशासन को आवेदन दे चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल कोरा आश्वासन ही मिला है। यह सड़क सिर्फ झूमरपारा की नहीं बल्कि आस-पास के 40 से 50 गांवों की जीवनरेखा है, क्योंकि यहीं से लोग करंजी रेलवे स्टेशन तक पहुंचते हैं। इस एकमात्र मार्ग पर पिछले आठ वर्षों से कोल कंपनियों के भारी ट्राला वाहन बेरोक-टोक गुजरते हैं। इनकी लोड क्षमता इतनी अधिक होती है कि सड़क की हालत अब गड्ढों और कीचड़ का मैदान बन चुकी है। हालात यह हैं कि बरसात में बाइक तो दूर, पैदल चलना भी एक जोखिम भरा कार्य हो गया है। थक-हारकर ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर सात बार कोल परिवहन का आंशिक चक्काजाम भी किया, जिसके बाद प्रशासन और कोल कंपनियों ने हर बार मरम्मत का वादा किया, लेकिन काम आज तक नहीं हुआ। ज्ञात हो कि 25 दिसंबर 2024 को हुए एक समझौते में तत्कालीन सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा, कोल कंपनियों और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच यह तय हुआ था कि सड़क की टायरिंग बरसात से पहले पूरी कर दी जाएगी, लेकिन वह भी झूठा वादा निकला। ग्रामीणों का आरोप है कि कोल कंपनियां स्थानीय युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को ला रही हैं, जो न केवल गांव के माहौल को खराब कर रहे हैं, बल्कि ग्रामीणों से मारपीट और धमकी देने जैसे मामले भी सामने आए हैं। गांव के स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र के सामने ट्राला वाहनों की अनधिकृत पार्किंग हो रही है, जिससे पूरा परिसर कीचड़ से भर जाता है।हरिजन मोहल्ला स्थित हैंडपंपों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया है।गंदगी और कीचड़ के कारण महिलाओं को पानी भरने के लिए जान जोखिम में डालनी पड़ती है। ज्ञापन में मांग किया गया कि बारिश समाप्त होने तक कोल परिवहन पर पूर्ण रोक लगाई जाए।मंदिर चौक से करंजी रेलवे साइडिंग तक की 3 किलोमीटर सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए। हरिजन मोहल्ला, प्राथमिक शाला और मंगल भवन के पास सीसी सड़क का निर्माण किया जाए।

## अंबिकापुर से रायपुर के लिए इंटरसिटी ट्रेन चलाना संभव नहीं, रेलवे ने रुट व्यस्त होने का दिया हवाला

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर से रायपुर के बीच इंटरसिटी ट्रेन संचालन की लंबे समय से उठती मांग पर आखिरकार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर ने अपना आधिकारिक जवाब दे दिया है। यह जवाब सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा को उनके 11 अप्रैल के ज्ञापन के जवाब में भेजा गया है, जिसमें उन्होंने अम्बिकापुर-बिलासपुर-रायपुर के बीच सीधे ट्रेन संचालन की मांग की थी।

रेलवे द्वारा 23 जून को जारी पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वर्तमान स्थितियों को देखते हुए नई इंटरसिटी ट्रेन चलाना संभव नहीं है।रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अम्बिकापुर-बिलासपुर और रायपुर के बीच तीन मार्गों पर पहले से ही 99 ट्रेनें परिचालित होने की बात कही गई है।पत्र में उल्लेखित है कि बिलासपुर-अनूपपुर-बिलासपुर / उसलापुर के बीच 58 ट्रेनें, रायपुर-अनूपपुर-रायपुर के बीच 30 ट्रेनें,अनूपपुर-अम्बिकापुर-अनूपपुर के बीच 11 ट्रेन के अलावा गाड़ी संख्या 18241/18242 दुर्ग-अम्बिकापुर व अंबिकापुर-दुर्ग एक्सप्रेस रायपुर व अम्बिकापुर के बीच सीधी सेवा भी प्रदान कर रही है। रेलवे प्रशासन ने सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा के इस मांग को अस्वीकार करते हुए तीन प्रमुख कारण बताए हैं कि बिलासपुर से रायपुर के कुछ रेल खंडों पर पहले ही ट्रेनों की आवाजाही अत्यधिक है, जिससे नए ट्रेन संचालन की गुंजाइश सीमित है। अम्बिकापुर और रायपुर स्टेशनों पर अभी प्राथमिक मेंटेनेंस यार्ड की समुचित सुविधा नहीं है, जिससे इंटरसिटी ट्रेनों की नियमित देखरेख चुनौतीपूर्ण होगी। ट्रेनों को खड़ा करने के लिए स्टेबलिंग लाइन की भी आवश्यकता होती है, जो अभी इन स्टेशनों पर पर्याप्त नहीं है। सामाजिक कार्यकर्ता अभय प्रकाश सिन्हा ने पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि रेलवे ने एक बार फिर जनता की आवाज को टालने की कोशिश की है। लेकिन हम यह मांग तब तक उठाते रहेंगे जब तक अम्बिकापुर और रायपुर के बीच आम नागरिकों को सीधी और तेज सेवा नहीं मिलती। यह क्षेत्र विकास से नहीं, कनेक्टिविटी से वंचित है। ज्ञात हो कि अम्बिकापुर, सूरजपुर, बलरामपुर, कोरिया जैसे दूरस्थ जिलों के लोग वर्षों से रायपुर के लिए सीधी और सुबह-शाम चलने वाली इंटरसिटी ट्रेन की मांग करते आ रहे हैं।

### शादी का प्रलोभन देकर नर्स के साथ किया दुष्कर्म, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** जयनगर पुलिस ने महिला स्टॉफ नर्स की शिकायत पर बिशुनपुर निवासी युवक जॉनसन तिग्गा के खिलाफ बीएनएस की धारा 64(1),351(3)के तहत अपराध दर्ज किया है।पुलिस में दर्ज शिकायत में महिला स्टॉफ नर्स ने बताया कि युवक जॉनसन से उसका एक वर्ष पूर्व परिचय हुआ था और तब से वह शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था और अब विवाह करने से इंकार कर रहा है एवं किसी को बताने पर नर्स को धमकाया गया है, प्रार्थीया की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

## स्टेट बैंक रोड पर विशाल पेड़ हाई वोल्टेज लाइन के ऊपर गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- पोल व लाइन क्षति ग्रस्त होने से घंटों बाधित रही विद्युत सप्लाई
- गुरूवार को हुई तेज बारिश व हवाओं का दिखा असर

गुरूवार को बारिश और तेज हवाओं के कारण अंबेडकर चौक के पास एसबीआई बैंक मार्ग पर एक विशाल पेड़ अचानक 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन पर गिर गया। इस घटना से इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप्प हो गई और स्थानीय लोगों को कई घंटों तक अंधेरे व असुविधा का सामना करना पड़ा।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुरुवार की दोपहर करीब बारह बजे तेज हवाओं के साथ अचानक बारिश शुरू हुई और कुछ ही मिनटों में एक पुराना व बड़ा पेड़ अपनी जड़ों से उखड़कर सीधे 11 केवी विद्युत लाइन पर जा गिरा और 4 नंबर विद्युत ट्रांसफार्मर से सेवा बंद हो गई। साथ ही पेड़ जब तारों से टकराया, वहां तेज चिंगारियों और धमाकेदार आवाज के साथ बिजली आपूर्ति रुक गई। घटना की जानकारी मिलते ही विद्युत वितरण केंद्र बिश्रामपुर के सहायक अभियंता प्रतीक बारा के नेतृत्व में तकनीकी टीम मौके पर पहुंची,यहाँ पर हाई वोल्टेज तार पेड़ की शाखाएं में पूरी तरह उलझी हुई थीं, इसलिए सावधानीपूर्वक पेड़ हटाने और लाइन को ठीक करने में कई घंटों का समय लग गया।तकनीकी कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों के साथ पेड़ को काटकर हटाया और लाइन इंसुलेटर, तार और पोल की स्थिति का परीक्षण कर मरम्मत कार्य शुरू किया।बिजली गुल होने से घर, दुकानों और कार्यालयों में कामकाज बंद हो गया। मोबाइल नेटवर्क, इंटरनेट राउटर और घरेलू इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी ठप्प पड़ गए।



### करंट की चपेट मे आने से युवक की मौत

**मदनपुर।** करंट की चपेट में आने से गंभीर हुए युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक विद्युत पोल से आए तार के टूट जाने पर जोड़ते समय करंट लगने से अचेत हो गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत मदनपुर निवासी संतोष विश्वास आ. स्व. चितरंजन विश्वास (34 वर्ष) गत दिन विद्युत पोल से घर के लिए आई विद्युत सर्विस तार के टूट जाने पर जोड़ रहा था। इसी दौरान करंट की चपेट में आने से मौके पर ही अचेत हो गया। लगभग दो घंटे तक युवक मौके पर पड़ा रहा जिसके बाद परिजन को घटना की जानकारी लगने पर तत्काल युवक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। बताया जा रहा है कि मृत युवक परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था।

## सोनी को मिला बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- बाहुबली फेम तमन्ना भाटिया के हाथों मिला सम्मान

सामाजिक कार्यकर्ता और आरटीआई कार्यकर्ता अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया है। मुंबई के आयोजित समारोह में डॉ. सोनी को यह पुरस्कार बाहुबली फेम अभिनेत्री तम्मना भाटिया के हाथों से प्रदान किया गया है।

बता दें कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य कर रहे है। डॉ सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं। डॉ डी.के. सोनी द्वारा सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं। इसी कड़ी में स्टार इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट द्वारा मुंबई में आयोजित के समारोह के दौरान आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को बेस्ट एडवोकेट एंड आरटीआई एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। डॉ. सोनी को यह अवार्ड बाहुबली फेम फिल्म अभिनेत्री तम्मना भाटिया के हाथों से प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में देश के अलग अलग प्रदेशों से अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ साथ बिजनेसमैन भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में आयोजन कर्ता कंपनी के डायरेक्टर तथा कई फिल्म और टीवी एक्टर अनूप सोनी, अर्जुन कपूर तथा कई एक्टर और एक्ट्रेस भी उपस्थित थे।




### पीड़ित परिवारों को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

## भटगांव विधायक व केबिनेट मंत्री ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पअम्बिकापुर/बिश्रामपुर

महिला एवं बाल विकास मंत्री व क्षेत्रीय विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने गुरूवार को हाथी प्रभावित गांवों ग्राम कल्याणपुर के खुटहनपारा, कोटबहरा व अखोराकला के घाघीटिकरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने हाथियों द्वारा की गई क्षति का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि शासन ग्रामीणों के साथ है और उन्हें हर संभव सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा या वन्यजीवों के कारण होने वाली क्षति को गंभीरता से लिया जाएगा। मंत्री ने संबंधित विभाग को निर्देशित किया है कि गांवों में रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए, लोगों को जागरूक किया जाए और क्षति का यथाशीघ्र सर्वे कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। गौरतलब है कि बीते पखवाड़े भर से सूरजपुर जिले के कई गांवों में हाथियों के दल ने धान के खेतों, फसलों और कुछ घरों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के हाथी प्रभावित क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने सहायता राशि के अलावा हाईमास्क लाइट, किसानों को टॉर्च भी उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई, जिस पर उपस्थित सुरजपुर डीएफओ ने जल्द ही प्रभावित लोगों के यहां टार्च उपलब्ध कराए जाने की बात कही है।



**हल्का पटवारी को मंत्री ने स्वयं कॉल कर नुकसान का आकलन करने कहा**

हाथी प्रभावित गांव कोटबहरा, खुटहनपारा व घाघीटिकरा में गुरुवार की सुबह कैबिनेट मंत्री व क्षेत्रीय विधायक लक्ष्मी राजवाड़े पहुंची थीं। यहां पर उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया लेकिन हल्का पटवारी मौके पर नहीं पहुंचे थे जिस पर मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मौके से ही अनुपस्थित हल्का पटवारी को मौके से ही फोन करके तत्काल प्रभावित नुकसान का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए।


## चंदौरा समेत आस पास के गांवों में यूरिया डीएपी खाद की भारी किल्लत : डॉ. साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

- ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन, किया आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का घेराव

खाद संकट को लेकर आज चंदौरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अगुवाई में धरना प्रदर्शन किया गया। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति का घेराव कर किसानों की समस्याओं को उठाया गया। आन्दोलन की अगुवाई ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंह देव और पूर्व कैबिनेट मंत्री छग शासन डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने की।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि खाद संकट किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। चंदौरा समेत आस पास के गांवों में यूरिया, डीएपी खाद की भारी किल्लत है। किसान खाद के लिए समिति के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिल रहा है। खाद वितरण में भारी अनियमितता है और किसान को भटकाया जा रहा है। डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि किसान खेतों में बुआई के लिए तैयार है, लेकिन सरकार उन्हें खाद देने में पूरी तरह असफल है। कुमार सिंह देव ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि खाद वितरण में पारदर्शिता नहीं है। समिति के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खाद का अवैध भंडारण और बिक्री हो रही है जबकि जरुरतमंद किसानों को खाली हाथ लौटना पड़ता है। जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शिव भजन मरावी ने कहा कि यदि शासन प्रशासन खाद की समस्या को तत्काल समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जाएगा। एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन में विद्यासागर, इम्तियाज जफर, कंचन सोनी, बनवारी लाल गुप्ता, त्रिभुवन सिंह, विजय नारायण कुशवाहा, भानु गुप्ता, हुलेशलर राजवाड़े, रनसाय, उमेश राजवाड़े, सुमंत प्रजापति, कमलेश राजवाडे, चंद्रपाल यादव, बाबुलाल पैकरा, ब्रिजलाल विश्वकर्मा, भैया लाल पैकरा, कृष्णा सिंह, अशोक नापीत, कवल साय यादव, नर्बदा पेंटर, विनय मिश्रा, रामसुरत पैकरा, चंद्रिका कुशवाहा, प्रेम सिंह, अशोक मरकाम सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



# धर्म की रक्षा के लिए युद्ध के मैदान में उतरे पवन कल्याण



**मुंबई।** साउथ स्टार पवन कल्याण की मच अवेटेड फिल्म 'हरि हर वीरमल्लु' का ट्रेलर गुरुवार को जारी हो गया है। हरि हर वीरमल्लु 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। ट्रेलर में पवन के अलावा बॉबी देओल का भी दमदार अंदाज देखने को मिला है। 3 मिनट लंबे इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है, जिसमें मुगल काल के इतिहास के बारे में बताया जाता है। इसके बाद ट्रेलर में मुगल साम्राज्य को दिखाया जाता है। इसके बाद एंट्री होती है मुगल साम्राज्य के सबसे खूंखार और जुल्मी माने जाने वाले शासक औरंगजेब की, जिसके किरदार में नजर आए हैं बॉबी देओल। कंगुवा के बाद बॉबी देओल एक बार फिर खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। इसके बाद धर्म के रक्षक के रूप में एंट्री मारते हैं पवन कल्याण।

लाइफ Style

# दीपिका

## 35 अंतरराष्ट्रीय हस्तियों में चमका नाम

*बॉलीवुड की सुपरस्टार दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर भारत को गौरवान्वित कर दिया है। जी हां, हॉलीवुड की प्रतिष्ठित 'वॉक ऑफ फेम' लिस्ट में उनका नाम शामिल कर लिया गया है और इस सम्मान के साथ वो पहली भारतीय बनी हैं, जिन्हें ये वैश्विक पहचान मिली है।*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

खास बात ये है कि ये उपलब्धि उन्होंने हाल ही में मां बनने के बाद हासिल की है, जिससे ये पल और भी खास बन गया है। साल 2026 के लिए घोषित 'हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम' की लिस्ट में दीपिका उन 35 दिग्गजों में शामिल हैं, जिन्हें मोशन पिक्चर्स की कैटेगरी में चुना गया है। इस प्रतिष्ठित सूची में उनके साथ हॉलीवुड के सुपरस्टार टिमोथी चालमेट, डेमी मूर, राशेल मैकऐड्म्स और रामी मालेक जैसे बड़े नाम भी हैं। दीपिका पादुकोण ने न सिर्फ आलिया भट्ट, रश्मिका मंदाना और कियारा आडवाणी जैसी नई पीढ़ी की अदाकाराओं को पीछे छोड़ा है, बल्कि प्रियंका चोपड़ा जैसी ग्लोबली स्थापित स्टार को भी पछाड़कर खुद को एक अलग मुकाम पर पहुंचा दिया है। दीपिका ने सिर्फ बॉलीवुड तक खुद को सीमित नहीं रखा। उन्होंने 'XXX: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' जैसी फिल्म से हॉलीवुड में एंट्री की और वहां भी अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया। अब वॉक ऑफ फेम का हिस्सा बनकर उन्होंने इंटरनेशनल मंच पर अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है। साल 2018 में टाइम मैगजीन ने दीपिका को दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल किया था।



हॉलीवुड मसाला

# अपने काम पर चाहती हूं गर्व करना



**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा जोनस ने अपनी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के लंदन प्रीमियर में रेड कार्पेट पर शानदार मौजूदगी दर्ज की। उन्होंने बताया कि वह ऐसी भूमिकाएं चुनती हैं, जो हल्की न हों, बल्कि कहानी को आगे बढ़ाएं। एक इंटरव्यू के दौरान. प्रियंका चोपड़ा ने कहा, 'मैं अपने काम पर गर्व करना चाहती हूं।' इस फिल्म में वह नोएल बिसेट नाम की एक तेज-तर्रार एमआई 6 एजेंट की भूमिका में हैं, जो हमेशा दस कदम आगे सोचती है। उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसी महिलाओं के किरदार निभाना पसंद है।



# रैपर कॉम्ब्स को नहीं मिली जमानत, पाए गए दोषी...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड म्यूजिक प्रोड्यूसर और रैपर सीन 'डिडी' कॉम्ब्स को बुधवार को अमेरिका की एक अदालत ने यौन तस्करी और रैकेटियरिंग साजिश जैसे गंभीर आरोपों से बरी कर दिया है। हालांकि, राहत की इस खबर के बीच एक बड़ा झटका भी सामने आया। कॉम्ब्स को दो दूसरे आपराधिक मामलों में दोषी करार दिया गया और उन्हें फिलहाल जेल में ही रहना होगा। कॉम्ब्स को जिन दो मामलों में दोषी पाया गया है, वो हैं- 'वेश्यावृत्ति के उद्देश्य से महिला को ले जाने' के दो अलग-अलग आरोप। इन दोनों मामलों में उन्हें अधिकतम 20 साल की सजा हो सकती है। हालांकि, सजा की सुनवाई अक्टूबर 3 को होने वाली है, लेकिन फिलहाल उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। ये हाई-प्रोफाइल केस सिंगर केसी वेंचुरा और एक अन्य महिला के गंभीर आरोपों पर केंद्रित था।

# एंड्रियानी ने किए महाकाल के दर्शन



**मुंबई।** अरबाज की एक्स गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी सादगी भरी तस्वीरें शेयर कीं। जॉर्जिया की ये तस्वीरें उज्जैन नगरी के महाकाल के मंदिर की हैं। इन तस्वीरों के साथ जॉर्जिया ने एक नोट भी लिखा है। तस्वीरों में जॉर्जिया महादेव की भक्ति में लीन नजर आ रही हैं। इन बेहतरीन तस्वीरों के साथ जॉर्जिया ने कैप्शन में लिखा, 'महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। जय श्री महाकाल। जॉर्जिया एंड्रियानी की इस शानदार पोस्ट पर सिंगर जुबिन नौटियाल ने कमेंट बॉक्स में नमस्ते और स्माइली इमोजी बनाई है। एक फैन ने लिखा, अच्छा लग रहा है, एक फैन ने लिखा, बहुत सुंदर... बहुत सुरुचिपूर्ण... बस वाह जैसी लग रही हो! एक फैन ने लिखा, बहुत सुन्दर लग रही हो, एक फैन ने लिखा, जय जय श्री महाकाल।


# प्यार के अलग रंग दिखाती है मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** सारा अली खान की फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इसमें प्यार के अलग-अलग रंग दर्शकों तो देखने को मिलेंगे। जहां तक कहानी की बात है तो इसमें मेट्रो लाइफ के बीच पनपती कुछ लव स्टोरीज हैं। फिल्म में फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, नीना गुप्ता, पंकज त्रिपाठी, कोंकणा सेन शर्मा और अली फजल जैसे सितारे भी नजर आएंगे। 'मेट्रो इन दिनों' शुक्रवार चार जुलाई को रिलीज होगी। शुक्रवार को एक्ट्रेस की यह फिल्म रिलीज होने वाली है। वह अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही है। प्रमोशन के दौरान ही एक्क्ट्रेस ने एक पोस्ट साझा की है, जिसमें प्यार भरा मैसेज लिखा है। पिछले दिनों सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' प्रमोशन अलग-अलग शहरों में कर रहे थे। प

टीवी मसाला





# टीआरपी लिस्ट में तारक मेहता का उल्टा चश्मा ने मारी बाजी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' 17 साल से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस सीरियल में दिलीप जोशी, जेठालाल का लीड रोल निभाते हैं। जेठालाल गौकुल धाम सोसायटी में रहता है, वहां कई और लोग भी रहते हैं। इस सीरियल की सिंपल कॉमेडी दर्शकों को पसंद है। 25वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' ने बाजी मारी है। 2.3 की टीआरपी के साथ यह पहले नंबर है। दूसरे नंबर पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' है, इसकी टीआरपी 2.1 है। रुपाली गांगुली का सीरियल 'अनुपमा' टीआरपी लिस्ट में कई हफ्तों तक टॉप पर बना रहा है। मगर, इसी हफ्ते यह तीसरे नंबर पर आ गया है। 25वें हफ्ते में अनुपमा की टीआरपी 2.1 है। हाल ही में इस सीरियल में लीप आया है। लीड कैरेक्टर अनुपमा मुंबई पहुंच गई है, यहां वह अपनी जिंदगी की एक नई शुरुआत कर रही है। 25वें हफ्ते की टीआरपी में टॉप 10 में कई और सीरियल ने जगह बनाई है। चौथे नंबर पर उड़ने की आशा है, इसकी टीआरपी 2.1 है। वहीं, पांचवें नंबर पर लाफ्टर शेफ 2 है, इस सीरियल की टीआरपी 1.6 रही है। छठे नंबर नंबर सीरियल 'गुम हैं किसी के प्यार में' रहा, यह सीरियल कम टीआरपी के कारण बंद हो रहा है। सातवें नंबर पर सीरियल मंगल लक्ष्मी-लक्ष्मी का सफर और आठवें नंबर पर एडवोकेट अंजलि अवस्थी है। नौवें और दसवें स्थान पर सीरियल शिव शक्ति और 'मन्नत है।

## एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय टीवी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। उन्होंने कहा, 'मुझे 'संघर्ष' शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती, क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है। लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, 'मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन।



# 40 साल से ज्यादा उम्र के बाद भी इन हीरोइनों ने अब तक नहीं बसाया घर

*नई दिल्ली। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में ग्लैमरस हीरोइनों की भरमार है। कुछ ने शादी करके घर बसा लिया, तो कुछ अब तक कुंवारी हैं। आज हम आपको ऐसी ही 7 एक्ट्रेसेस के बार में बताते हैं, जिनकी उम्र 40 साल से ज्यादा है, लेकिन अब उन्होंने शादी नहीं की है। फिर भी ये खूबसूरती में नई हीरोइनों को भी कांटे की टक्कर देने का काम करती हैं।*



**तब्बू :** तब्बू बॉलीवुड की शानदार हीरोइनों में से एक हैं। वह मकबूल, हैदर और अंधाधुन जैसी फिल्मों में अपने हुनर का जलवा बिखेर चुकी हैं। फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर दमदार भूमिकाओं में देखना बेहद पसंद करते हैं। 53 साल की हो चुकीं तब्बू ने अब तक शादी नहीं की है।



**दिव्या दत्ता :** दिव्या दत्ता ने साल 1994 में फिल्म 'इश्क में जीना इश्क में मरना' से डेब्यू किया था। उन्होंने वीर जारा, वेलकम टू सज्जनपुर, दिल्ली-6, स्टेनली का डब्बा, हीरोइन, बदलापुर' और भाग मिल्खा भाग जैसी कई हिट फिल्मों में काम किया। 47 साल की उम्र में भी दिव्या दत्ता कुंवारी हैं।



**तनिशा मुखर्जी :** तनिशा मुखर्जी ने साल 2003 में फिल्म **Sssshhh...** से अपना डेब्यू किया था और उन्हें पहली सफलता राजनीतिक क्राइम थ्रिलर फिल्मों सरकार और सरकार राज से मिली।तनिशा रिएलिटी शो 'बिग बॉस' में भी नजर आ चुकी हैं। वह 47 साल की हैं और अब तक सिंगल हैं।



**अमीषा पटेल :** अमीषा पटेल ने 'कहो ना प्यार है' फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, जिसमें वह ऋतिक रोशन के अपोजिट नजर आईं। आपको जानकर हैरानी होगी कि 50 साल की उम्र में भी अमीषा पटेल कुंवारी हैं। उन्होंने गदर और गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है।

**सुष्मिता सेन :** सुष्मिता सेन 49 साल की हो चुकी हैं और आज भी अपनी अदाकरी से फैंस के दिलों को जीत लेती हैं। उन्होंने अब तक शादी नहीं की है। सुष्मिता सेन ने साल 2000 में रेने और साल 2010 में अलीसा को गोद लिया था। वह अपनी दोनों अडॉप्टेड बेटियों के साथ रहती हैं।

# कार्तिक और श्रीलीला ने साथ में किया डिनर



**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी बॉय कार्तिक आर्यन एक बार फिर अपने लव अफेयर को लेकर चर्चा में आ गए हैं। इस बार उनके साथ जुड़ा है साउथ की ग्लैमरस एक्ट्रेस श्रीलीला का नाम। बीते कुछ दिनों से दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है और हाल ही में दोनों को देर रात मुंबई के एक मशहूर रेस्टोरेंट से बाहर निकलते हुए स्पॉट किया गया। बस फिर क्या था, सोशल मीडिया पर फैंस ने इन्हें लेकर कयास लगाने शुरू कर दिए। कार्तिक और श्रीलीला की ये लेट नाइट मुलाकात जैसे ही कैमरे में कैद हुई, इंटरनेट पर कमेंट्स का सैलाब आ गया। वीडियो में दोनों को हंसते-मुस्कुराते और साथ वक्त बिताते देखा गया। फैंस ने कमेंट बॉक्स में मजेदार प्रतिक्रियाएं दीं। एक यूजर ने लिखा, 'नई जोड़ी सुपरहिट लग रही है।' सूत्रों की मानें तो कार्तिक और श्रीलीला अनुराग बसु की फिल्म 'आशिकी 3' में साथ नजर आने वाले हैं। इस रोमांटिक म्यूजिकल फिल्म की शूटिंग की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं और दोनों स्टार्स इन दिनों फिल्म की स्क्रिप्ट रीडिंग और वर्कशॉप्स में साथ देखे जा रहे हैं। ऐसे में दोनों के बीच बढ़ती नज़दीकियों को लेकर बातें होना लाजमी है। हाल ही में श्रीलीला के जन्मदिन पर कार्तिक ने एक प्यारी सी तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की थी, जिसमें दोनों काफी क्यूट लग रहे थे।

## ऑस्कर विनर्स से लेकर दुनिया भर के टैलेंट, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स भी शामिल

# रणबीर की 835 करोड़ी रामायण में पहली बार दिखा वो जो पहले नहीं हुआ

*नई दिल्ली। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली झलक ने सोशल मीडिया पर तूफान मचा दिया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को अब तक की सबसे बड़े स्केल पर तैयार होनेवाली बॉलीवुड फिल्म बताई जा रही है। इस फिल्म के लिए हॉलीवुड के टॉप स्टंट डायरेक्ट, ऑस्कर विनर के लीजेंड्स, दुनिया के बेस्ट टैलेंट को एक साथ जोड़ा गया है। रणबीर कपूर की 'रामायण' की पहली ही झलक ने सोशल मीडिया और लोगों के दिलों में तूफान मचा दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस फिल्म के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े सिनेमाई इवेंट का आगाज हो गया है। करीब 5,000 साल पुरानी इस गाथा को दुनिया भर में 2.5 अरब लोग पूजते हैं। अब नमित मल्होत्रा की 'रामायण' को दो पार्ट में तैयार किया गया है, जिसे लाइव-एक्शन सिनेमैटिक यूनिवर्स के तौर पर पेश किया जा रहा है। इस फिल्म स्केल अब तक के सबसे बड़े हॉलीवुड टेंटपोल जैसी है। इस फिल्म में हॉलीवुड और भारत के नामचीन कास्ट और टेक्निशियन पहली बार इतनी बड़ी पार्टनरशिप में एक साथ आ रहे हैं, जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार हुई 'रामायण' को नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज और 8 बार ऑस्कर जीत चुके वीएफएक्स स्टूडियो डबल निगेटिव प्रोड्यूस कर रहे हैं, जिसमें यश के 'मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस' का भी सहयोग है। फिल्म का बजट 835 करोड़ है और इसे खासतौर पर आईएमएएक्स जैसे बड़े फॉर्मेट के लिए शूट किया गया है। 'रामायण' का पहला पार्ट दिवाली 2026 और दूसरा पार्ट दिवाली 2027 में दुनियाभर में रिलीज किया जानेवाला है।*

### राम- रावण की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा

'रामायण: द इंट्रोडक्शन' के ग्लोबल लॉन्च के साथ इस जबरदस्त यूनिवर्स की पहली झलक सबके सामने आ चुकी है। इसमें दो सबसे बड़े पौराणिक किरदारों 'राम और रावण' की अमर लड़ाई को फिर से जीवित किया जा रहा है। इस लॉन्च को वाकई ग्लोबल बना दिया गया है, जहां इसकी भारत के नौ बड़े शहरों में एक साथ फैन स्क्रीनिंग्स हुईं है, वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर पर बिलबोर्ड टेकओवर ने माहौल बना दिया।



### ऐसी ताकत, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई

ये कहानी उस दौर की है जब समय का कोई नाम-ओ-निशान नहीं था। ब्रह्मांड का संतुलन तीन शक्तियों के हाथ में था ब्रह्मा (जो रचते हैं), विष्णु (जो संभालते हैं) और शिव (जो खत्म करते हैं)। इन तीनों की वजह से देवता, ऋषि, इंसान और राक्षस सब शांति से रहते थे। लेकिन इसी संतुलन की राख से एक ऐसी ताकत उठती है, जैसी पहले कभी नहीं देखी गई।

### जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण

एक ऐसा राक्षस बालक जन्म लेता है, जिसकी कोई उम्मीद नहीं करता और वही बन जाता है रावण। सबसे डरावना और अजेय राजा, जिसकी दहाड़ से आसमान कांप उठता है। उसका मकसद साफ है, उस विष्णु को खत्म करना, जो हमेशा उसकी जाति के खिलाफ खड़े हुए। इसे रोकने के लिए विष्णु खुद धरती पर आते हैं, लेकिन अपनी सबसे कमजोर रूप में यानी एक इंसानी राजकुमार के रूप में, जिसका नाम राम है। यहीं से शुरू होती है राम बनाम रावण, इंसान बनाम अमर, उजाला बनाम अंधेरा की वो लड़ाई जो कभी खत्म नहीं होती। ये है रामायण, एक ऐसी कहानी जो ब्रह्मांड की लड़ाई, किस्मत की ताकत और अच्छाई की जीत को दिखाती है। एक ऐसी गाथा जो आज भी करोड़ों लोगों के मन और सोच को दिशा देती है।

### *भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही*

*इस मेगा प्रोजेक्ट को विजनरी प्रोड्यूसर और फिल्ममेकर नमित मल्होत्रा ने लीड किया है, और सुपरस्टार यश इसके को-प्रोड्यूसर हैं। नितेश तिवारी ने 'रामायण' में वीएफएक्स पर खास जोर दिया है। इस बड़े काम के लिए 7 बार ऑस्कर जीत चुकी उनकी कंपनी डबल निगेटिव को चुना गया है। मजेदार ये है कि नमित मल्होत्रा की इसी कंपनी ने 'ड्यून, इंटरस्टेलर और यहां तक कि ब्रह्मास्त्र: पार्ट-1 शिवा का भी वीएफएक्स डिजाइन किया है। इसमें ऑस्कर विजेता टेक्नीशियनों, हॉलीवुड के टॉप क्रिएटर्स और भारत के सबसे बड़े एक्टर्स की टीम एक साथ आई है, ताकि भारतीय संस्कृति में रची-बसी इस गाथा को एक नए जमाने की सिनेमैटिक यूनिवर्स में बदला जा सके, जो न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए बनाई जा रही है।*

## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 3605.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 3605.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 जुलाई तक की स्थिति में 2130.1 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 126.0 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 410.4 मिमी, मनोरा में 477.5 मिमी, कुनकुरी में 510.2 मिमी, दुलदुला में 238.1 मिमी, फरसाबहार में 309.7 मिमी, बगीचा में 358.9 मिमी, कांसाबेल में 360.2 मिमी, पत्थलगांव में 292.3 मिमी, सन्ना में 399.7 मिमी एवं बागबहार में 248.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### एनटीपीसी लारा में रथोत्सव के बीच भजन

**पुसौर।** एनटीपीसी लारा में भगवान जगन्नाथ की दिव्य यात्रा को चिन्हित करते हुए पवित्र रथ यात्रा का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न किया गया। जिसमें भगवान जगन्नाथ अपने मौसी के यहां गुंडिचा के लिए रवाना हुए। एनटीपीसी लारा परिवार अपने जगन्नाथ मंदिर के आस पास ही मैत्री नगर में गुंडिचा भवन बनाया है जहां भगवान लगभग 6 दिन से निवास किए हुए हैं इस बीच प्रतिदिन एक भक्तिमय वातावरण देने एनटीपीसी प्रबंधन प्रमुख कार्यकारी निर्देशक अनिल कुमार के दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में भजन समारोह का आयोजन होते रहें हैं। इसी कड़ी में बीते दिनांक को पुसौर के रामयुवा भजन मंडली की प्रस्तुति हुई। जानकारी के मुताबिक उक्त भजन मंडली में नगर पंचायत पुसौर के कई वार्डों में निवासरत उम्दे कलाकार शामिल है जो अपनी सस्वर गायकी के साथ साथ अपनी नाटकीय रूप के लिए कई स्थानों में प्रशंसा पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

### आवास निर्माण में लापरवाही तीन सचिवों को नोटिस

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष रायगढ़ में विकासखण्ड स्तरीय प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के संबंध में अल्प प्रगति वाले पंचायत सचिवों एवं फील्ड आफिसरों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वीकृत आवासों की तुलना में पूर्ण हुए आवासों की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रत्येक फील्ड ऑफिसरों के व्यक्तिगत प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने फील्ड ऑफिसर एवं ग्राम पंचायत सचिवों को स्वीकृत आवासों की शत प्रतिशत पूर्णता के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। मौके पर सीईओ जिला पंचायत यादव ने ग्राम पंचायत वाइज स्वीकृत एवं पीएम जनमन आवासों की स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले फील्ड आफिसर के कार्यों की सराहना की।

### आईटीआई खरसिया में कैम्पस इंटरव्यू 7 को

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया, जिला रायगढ़ में जिंदल स्टील एण्ड पावर लिमिटेड रायगढ़ द्वारा आईटीआई कैम्पस का आयोजन 7 जुलाई 2025 को प्रातः10 बजे से किया जाएगा। जिसमें आईटीआई व्यवसाय.फिटर, विद्युतकार एवं वेल्डर के पास आउट अंतिम वर्ष के प्रशिक्षणार्थी कैम्पस इंटरव्यू में भाग लेना चाहते है। वे संस्था में शैक्षणिक तकनीकी प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है।

### राशन लेने भटक रहे हितग्राही

**तालदेवरी।** राशन कार्डधारियों को तीन माह का चावल एकमुश्त देने की योजना की तिथि बढ़ाई जरुर गई है, लेकिन राशन पाने हितग्राहियों का समस्या कम होता नहीं नजर आ रहा है। डेट बढ़ाने के दुसरा दिन 2 जुलाई को सर्वर समस्या के चलते अधिकांश राशन कार्डधारियों को चावल का वितरण नहीं किया जा सका। बम्हनीडीह ब्लाक अंतर्गत ग्राम बिर्रा, बसंतपुर, सिलादेही, गत्वा, तालदेवरी, बोरसी सहित अन्य पीडीएस दुकानों में सर्वर समस्या के चलते बुधवार 2 जुलाई को हितग्राहियों को राशन का वितरण नहीं किया जा सका।

# बरसात में नहीं हो रहा कचरे का उठाव, गंदगी और बदबू से परेशान रहवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

बारिश के मौसम को वैसे भी बीमारियों का मौसम कहा जाता है। बारिश के कारण मौसम सर्द गर्म होता रहता है,बहकर आने वाले पानी में कीटाणुओं से फैलाने वाली बीमारी का खतरा तो रहता है। साथ ही कचरे से होने वाले गंदगी और बदबू से भी बीमारियों का खतरा बना रहता है।

कचरे की सफाई का दायित्व स्थानीय नगरपालिका,नगर निगम या ग्राम पंचायत की होती है। नगर के दरबारी टोली के रहवासी आजकल कचरे के ढेर से फैलाने वाली बदबू और बीमारी की आशंका को लेकर परेशान व चिंतित दिखाई दे रहे है।मोहल्ले के रहवासियों का कहना है कि पिछले लगभग 10 दिनों से कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियां नहीं आ रही है जिसके कारण लोग कचरे को बाहर खुलेआम फेक रहे है,जिससे गंदगी और बदबू फैल रही है।





कचरे का उठाव नहीं होने से नगर में फैली जगह-जगह गंदगी।

**क्या कहते है मोहल्लेवासी**

दरबारिनटोलिंके रहवासियोंका कहना है कि पिछले कई दिनों से नगर पालिका की कचरा उठाने वाली गाड़ी नहीं आ रही है जिससे लोगबाग अपने घर का कचरा बाहर फेंक रहे है,उन कचरों से बदबू आनी शुरू हो गई है।

**बोलने के बाद भी नहीं उठ रहा कचरा**

लोगों का कहना है कि नगर पालिका में कई बार खबर कर निवेदन करने के बाद भी कचर का युव नहीं हो रहा है जिससे आसपास रहने वाले एवं आम रस्ते पर चलने वाले बदबू से परेशान हो रहे है।

**क्या कहते है नगर पालिका के अधिकारी**

सफाई को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी का कहना है कि सभी सफाई कर्मचारी स्थानीय होने के कारण खेती के लिए छुट्टी पर है इस कारण सफाई में रुकावट आ रही है। जल्द ही व्यवस्था को सुधार लिया जाएगा और जहां परेशानी है उस स्थान की साफ सफाई कड़ियां जाएगा ताकि किसी को परेशानी न हो।

## 14 साल बाद हुई ऐसी बारिश, शहर के आधे दर्जन वार्ड डूबे, राहत व बचाव दल रहा सक्रिय

# 8 घंटे की बारिश से पानी-पानी हुआ रायगढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

मानसून की पहली मूसलाधार बारिश ने पूरे जिले में तबाही मचा दी। गुरुवार की सुबह 5 बजे से शुरू हुई झमाझम बारिश दोपहर 12 बजे तक निरंतर चलती रही। 8 घंटे की इस बारिश में ही पूरा रायगढ़ पानी-पानी हो गया, जिससे जन-जीवन खासा प्रभावित हुआ। शहर के आधे दर्जन से अधिक वार्ड पानी में डूब गए। चारों तरफ सड़कों की जगह पानी ही पानी नजर आने लगा। स्थिति यह हो गई थी कि लोग घरों में ही कैद हो गए, बच्चों की स्कूलें छूट गईं, उनकी वाहनें पानी के भीतर समा गए।

इस बारिश ने नगर निगम के नाला सफाई की पोल खोल कर रख दी। शहर के कृष्ण वाटिका, विनोबानगर, रियापारा, बाजीरावपारा, रामनिवास टाकीज रोड, बेलादुला भोलेनगर, केवड़ाबाड़ी, गुलमोहर कॉलोनी, मेडिकल कॉलेज रोड, रामभाठा, धांगरडीपा, बावडलीकुंआ, इंदिरा नगर, सिद्धी विनायक कॉलोनी, शिवम विहार, कृष्ण वाटिका, फ्रेंड्स कॉलोनी आशीर्वाद कॉलोनी, बजरंगपारा, गोकुलधाम, गुजरातीपारा, गोपीटाकीज मार्ग, मोदीनगर सहित अधिकांश क्षेत्रों में जलभराव हो गया। मुख्य मार्ग सहित लोगों के घरों में घुटने भर से ज्यादा पानी भर गया। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि नगर निगम और जिला प्रशासन का राहत व बचाव दल प्रभावित इलाकों में सक्रिय रहा। बताया जा रहा है कि 14 साल बाद ऐसी बारिश हुई है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।



### डूबा शहर तो जागा नगर निगम व जिला प्रशासन

शहर में बुधवार की रात से हो रही भारी बारिश के चलते कई जगहों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हुई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने नगर निगम आयुक्त बृजेश क्षत्रिय को युद्धस्तर पर प्रभावित इलाकों में आपदा राहत कार्यों के लिए निर्देशित किया। नगर निगम की टीम सुबह से ही प्रभावित इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था बनाने में जुटा रहा। नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने बताया कि नगर निगम अधिकारी कर्मचारी व सफाई अमले सहित 200 से अधिक लोगों को टीमों में बांटकर काम किया जा रहा है। जेसीबी और पोकलेन भी लगाई गई हैं।

### पैटू डबरी उफान पर, इस साल भी गुजराती पारा डूबा

बारिश में गुजरापाती पारा डूब गया। क्योंकि स्टेशन चौक स्थित गुतराती पारा भागौलिक दृष्टि से सड़क से कई फीट नीचे में बसा है। यहां स्थित पैटू डबरी नाला हर साल बारिश के दिनों में उफान पर रहता है। गुरुवार को भी यहां यही नजारा देखने को मिला। झमाझम बारिश से नाला और बारिश का पानी पूरे मोहले में घुस गया। लोगों के घरों में भी दो से तीन फीट तक पानी घुसा हुआ था। बारिश के पानी को बाहर निकालने के लिए क्षेत्र के लोग जद्दोजहद करते नजर आए। ज्ञात हो कि इस स्थिति से निपटने के लिए किसी भी बड़े अधिकारी व जनप्रतिनिधि ने आज तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला है।

# ना किसी की जीत, ना किसी की हार यही मध्यस्थता का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति के सहयोग से विशेष मध्यस्थता अभियान भारत के सभी तालुका, न्यायालयों, जिला न्यायालयों एवं उच्च न्यायालय में लंबित मामलों का निराकरण करने 90 दिवस का मध्यस्थता अभियान 1 जुलाई से 7 अक्टूबर 2025 तक चलाया जा रहा है।

- चलाया जा रहा विशेष मध्यस्थता अभियान

इस तारतम्य में सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिला एवं तालुका स्तर के पैरालीगल वालिंटियर द्वारा अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के लिये जिले के समस्त तालुका क्षेत्र एवं समस्त थाना क्षेत्रों में बैनर चस्पा करवा कर तथा पाम्पलेट वितरण के माध्यम से किया गया। मध्यस्थता एक सहमति से किया गया विवाद समाधान प्रक्रिया है जो दोनों पक्षों द्वारा अपने मामले को समाधान के लिए मध्यस्थ न्यायाधिकरण में रिफर किये जाने हेतु न्यायालय में आवेदन पेश किया जाता है। मध्यस्थता स्वैच्छिक होती है, जिसमें आपसी सहमति से मामलों का निपटारा होता है। मध्यस्थता के माध्यम से मामलों के निपटारे में समय एवं धन की बचत होती है। मध्यस्थता हेतु आवेदन जिस न्यायालय में मामला लंबित हो वहां प्रस्तुत कर सकते हैं। मध्यस्थता के माध्यम दुर्घटना, दावा, घरेलु हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सर्विस मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, विभाजन मामले, बेदखली मामले, भूमि अधिकरण, अन्य सिविल मामले का निपटारा कराया जा सकता है।

मध्यस्थता से पक्षकारों को यह भय नहीं होता कि किसी प्रकार का अप्रत्याशित निर्णय प्राप्त होगा। समझौता दोनों पक्षों की सहमति से होता है, जिससे आपसी मतभेद समाप्त होता है और प्रेम व्यवहार बना रहता है।

# शादी का झांसा देकर युवती से बार-बार किया दुष्कर्म



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**जशपुरनगर।** जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युवक 2023 से उससे प्रेम करता था और शादी का वादा कर कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा। जब युवती गर्भवती हुई तो आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया। पुलिस ने शिकायत मिलते ही युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- गर्भवती होने पर शादी से इनकार
- कुनकुरी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### पुलिस ने 376(2) (एन) के तहत केस दर्ज किया

थाना कुनकुरी में 2 जुलाई 2025 को पीड़िता की शिकायत पर आईपीसी की धारा 376(2) (एन) (लगातार दुष्कर्म) के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म कबूल कर लिया। उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### पुलिस टीम ने निभाई अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राकेश यादव, एएसआई मनोज साहू, आरक्षक जितेंद्र गुप्ता, भूपेन्द्र यादव और महिला आरक्षक कमला पैंकरा की अहम भूमिका रही।

### ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। आरोपी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामले में पूरी गंभीरता से विवेचना जारी है।

### सुनसान जगह ले जाकर किया दुष्कर्म

24 अप्रैल 2024 को पीड़िता एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने गई थी। उसी दौरान रामजीत राम भी वहां पहुँच गया और उसे एक सुनसान जगह ले जाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने कई बार संबंध बनाए। युवती जब गर्भवती हो गई और उसने शादी की बात की तो आरोपी ने इनकार कर दिया।

### शादी में हुई थी मुलाकात फिर शुरू हुआ प्रेम प्रसंग

पीड़िता ने बताया कि साल 2023 में एक शादी समारोह में उसकी मुलाकात रामजीत राम 21 वर्ष नाम के युवक से हुई थी। बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ और फोन पर भी संपर्क बना रहा। युवक ने उसे भरोसा दिलाया कि वह उससे प्रेम करता है और जल्द ही शादी करेगा।

**स्वास्थ्य विभाग ने बीमारियों से बचाव के लिए सर्तकता बरतने की अपील की**

# मौसमी बीमारियों एवं महामारी से निबटने काम्बेक्ट टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

बरसात का मौसम प्रारम्भ होते ही मौसमी बीमारियों एवं महामारी का खतरा बढ़ जाता है। इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर जिले में व्यापक तैयारी की गई है। इसके तहत जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में काम्बेक्ट टीम का गठन किया गया है।

इन टीमों के दल प्रभारी संबंधित स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारी अधिकारी बनाए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आमजन से अपील करते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतने को कहा है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियो से बचाव हेतु असुरक्षित जलस्त्रोत कुआ, ढोढ़ी, तालाब, नदी, नाला आदि का पानी पीने से बचें, पीने के पानी को हमेशा उबालकर ही उपयोग करें ,जलस्त्रोतों का नियमित रूप से शुद्धीकरण कराएं, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग अवश्य करें और जमीन पर न सोये, बासी खाना, सड़े गले भोज्य पदार्थो का सेवन ना करें ,खेतों पर काम पर जाते समय घर से स्वच्छ पानी लेकर जायें, अपने घरों के आसपार पानी जमा न होने दें और बाहर का खाना खाने से परहेज करें। इसके साथ ही सीएमएचओ ने लोगों से अपील की है यदि कोई भी ग्राम, पारा या मोहल्ला में किसी भी प्रकार की बीमारी फैलने के लक्षण दिखें तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में दें, जिससे समय रहते बीमारीयों को रोका जा सके।



### बीमारियों से निपटने स्वास्थ्य अमला की पूरी तैयारी

सीएमएचओ ने बताया कि महामारी की परिस्थिति से निपटने के लिए पूर्व वर्षों में अनुभवों के आधार पर महामारी संभावित ग्रामों एवं पहुंचविहीन ग्रामों की पहचान किया गया है। जिला में कुल 44 महामारी संभावित ग्राम एवं 24 पहुंचविहीन ग्राम है। बीमारियों से बचाव हेतु विशेष पिछड़ी जनजाति बसाहटों में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये गये है। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के कुल 71 बसाहट हैं, जिसमें 1244 परिवार निवासरत है, जिनकी जनसंख्या 5311 है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जल जनित बीमारियों के रोकथाम हेतु 20375 कुंआ, 16870 हैण्डपम्प, 119 नलजल एवं 183 ढोढ़ी की पहचान की गई है, इन जलस्त्रोतों की नियमित जलशुद्धीकरण करने हेतु निर्देश भी दिए गए हैं। किसी भी प्रकार की बीमारियों के बढ़ने से रोकने के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में पर्याप्त दवाइयों का भण्डारण सुनिश्चित करने एवं जिले के 3633 मितानिनों और 1662 डिपोहोल्डर के पास भी पर्याप्त दवाइयों का भण्डारण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### खाद एवं बीज दुकानों में राजस्व विभाग ने की कार्रवाई

**कटेली।** जिले में किसानों को गुणवत्ता युक्त खाद, बीज, कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के आदेशानुसार एसडीएम सारंगढ़ प्रखर चंद्राकर के निर्देशानुसार उपस्थिति में राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त टीम द्वारा सारंगढ़ के उप तहसील के मल्दा अ जशपुर क्षेत्र के विभिन्न खाद बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया, बिना अनुज्ञप्ति के खाद बीज विक्रय तथा बिना के खाद भंडारण वितरण करते पाए जाने पर गीता ट्रेडर्स अंडोंला में 38.550 टन खाद जब्त किया गया तथा सियाराम ट्रेडर्स एवं कृषि सेवा केंद्र का 290 बोरी खाद जब्त किया गया, तथा साहू कृषि केंद्र को अनियमितता पाए जाने पर नोटिस दिया गया।

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
रॉंची (कॉंके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

**महिला एवं बाल विकास विभाग ने उठाया अनुकरणीय कदम**

# अब जिले में महकेगी नन्हे मुन्हें बच्चों की फुलवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जिले के नन्हें बच्चों और माताओं को अब जल्द ही बेहतर सुविधा और माहौल मिलने वाला है। शासन से जिले को 485 नए आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की मंजूरी मिल गई है, जिनमें से 285 भवनों का निर्माण काम जोर-शोर से शुरू हो चुका है। इन्हीं निर्माणाधीन भवनों में बच्चों और माताओं को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा की सेवा भी उपलब्ध होगी।

### 9 सौ आंगनबाड़ी चल रहे है किराए के भवनों में

जिले में अभी 4,115 आंगनबाड़ी केंद्र चल रहे हैं, जिनमें से करीब 900 किराए के भवनों में संचालित हो रहे हैं। कई जगहों पर भवन छोटे, जर्जर या असुविधाजनक हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई और पोषण की सही सुविधा नहीं मिल पाती न ही नन्हे मुन्हें बच्चों खेलने के लिए पर्याप्त जगह मिल पाती है,जो कि बढ़ते बच्चों की सेहत के लिए बहुत ही जरूरी होता है । लेकिन अब जल्द ही यह परेशानी खत्म होने वाली है।



### तेज़ी से हो रहा निर्माण, गांव गांव दिख रहा बदलाव

ग्रामीण इलाकों में कई जगहों पर लोग खुद आगे आकर निर्माण कार्य में मदद कर रहे हैं। पंचायतें और जनप्रतिनिधि भी सक्रिय हैं। स्थानीय मजदूरों को रोजगार भी मिल रहा है, जिससे गांवों की आर्थिक हालत में भी सुधार देखने को मिल रहा है।

### बच्चों को मिलेगा सुरक्षित और साफ-सुथरा माहौल

नए भवनों में बच्चों के लिए खेलकूद, पढ़ाई और आराम का बेहतर इंतजाम रहेगा। साथ ही माताओं को पोषण और स्वास्थ्य परामर्श की सुविधा भी सुलभ होगी। विभाग की माने तो यह एक बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार है, जिसका लाभ लंबे समय तक मिलेगा।

### क्या कहते है विभागीय अधिकारी

महिला एवं बालविकास के अधिकारियों का कहना है कि जिले में अब आंगनबाड़ी केंद्र अपनी पहचान वाले पक्के भवनों में संचालित होंगे। इससे सेवा की गुणवत्ता तो बढ़ेगी ही, बच्चों को भी सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण मिलेगा।

